हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024

04 भाजपा-कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हुआ …



05 तापमान बढ़ने से डायरिया और लू के मरीज बढ़े…





## खबर संक्षेप

### मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश रहेगा

**सागर।** सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 को जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दमोह लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सागर जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को एवं सागर जिले में 7 मई को मतदान होगा। मतदान दिवस को किसी भी कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी भी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने के निर्देश है। उन्होंने बताया कि उक्त दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित करें,जिससे सभी श्रमिक, कर्मचारी सुगमता पूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

### जिले से बाहर भूसा निर्यात करने के लिए प्रतिबंधित

**सागर।** जिले में पशुओं के भूसा एवं चारा आदि की कमी होने की आशंका है। जिले में पशुपालकों के पास लगभग 11.55 लाख गौवंशीय, भैंसवंशीय एंव अन्य पशु है। जिले में भूसा की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एवं संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए भूसा, चारा, ज्वार एवं धान के डंठल को जिले से बाहर निर्यात करने हेतु प्रतिबंधित किये जाने की आवश्यकता है। कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार एवं म.प्र. पशु चारा निर्यात नियंत्रण आदेश नियम में निहित प्रावधानों के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए पशुओं के आहार में आने वाले केवल गेहूं- भूसा को प्रदेश की सीमा से बाहर निर्यात करने एवं गेहूं भूसा का के रूप में उद्द्योग एवं ईंट भट्टों में जलाने के लिए उपयोग को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से दिनांक 30 जून 2024 तक के लिए प्रतिबंधित किया है।

### केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग व सतर्क रहने के निर्देश

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग और सतर्क रहने कहा है। कोई ऐसी न्यूज जो राजनैतिक दल विशेष को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक मीडिया में दिखाई जाती है। पेड न्यूज की श्रेणी में आएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति 24 घंटे इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण पर नजर रख रही है। केबल आपरेटरों से कहा गया है कि वे आयोग के निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करें। केबल आपरेटर द्वारा जिस सामग्री का प्रसारण किया जाता है उसके प्रसारण पूर्व प्रसारणकर्त्ता से घोषणा पत्र भी प्राप्त करें। वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के अन्य प्रकारों पर नजर रखी जा रही है।
राजनैतिक दलों द्वारा बल्क में किए जाने वाले एमएमएस एवं वॉयस मैसेज पर भी नजर रखी जायेगी। उनकी संख्या का रिकार्ड रखा जायेगा। उम्मीदवारों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय शपथ पत्र में ईमेल आईडी एवं सोशल मीडिया एकाउंट की जानकारी देने के लिए भी कहा गया है।

### उम्मीदवार चुनावी खर्च का हिसाब आयोग के निर्देशानुसार रखें

**सागर।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का हिसाब भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रखे जाने के लिए कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे स्वयं या अपने चुनाव एजेंट के पास चुनाव का खर्च रखें। यह खर्च उम्मीदवार के नाम-निर्देशन दाखिल करने की तारीख से चुनाव परिणाम की तारीख को शामिल करते हुए रखा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तय की है।

## कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी की मतदान कर्मियों से अपील

# मतदान दल गर्मी को देखते हुए सुबह 6 बजे पहुंचें मतदान सामग्री वितरण स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 25 अप्रेल को लोकसभा दमोह अंतर्गत आने वाले विधान सभा क्षेत्र 38-देवरी, 39-रहली एवं 42-बण्डा के मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर से किया जावेगा ।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार भीषण गर्मी की संभावना है। भीषण गर्मी से मतदान दल के सदस्य परेशान न हो उनके स्वास्थ्य पर गर्मी से प्रतिकूल प्रभाव न पड़े तथा वे प्रातःकाल ठंडे वातावरण में मतदान सामग्री प्राप्त कर गर्मी बढ़ने के पूर्व ही अपने मतदान केन्द्र पर सकुशल पहुँच जाये। यह विचार करते हुये जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दल के सदस्यों के हित को ध्यान में रखते हुये मतदान सामग्री प्रातः 6.00 बजे से वितरित करने का निर्णय लिया है। प्रातःकाल में मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहता है और इस समय सामग्री वितरण करने से मतदान दलों को गर्मी की परेशानी से बचाया जा सकेंगा ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि मतदान दलों को गर्मी से राहत देने के सभी संभव प्रयास किये जावे । मतदान दलों के लिये मतदान सामग्री वितरण केन्द्र पर छाया, पानी एवं चिकित्सा व्यवस्था की गई है। सभी को प्रवेश एक ही गेट से दिया जावेगा। मतदान दलों को अपने वाहन तक पहुँचने में परेशान न होना पड़े यह दृष्टिगत रखते हुये पार्किंग सामग्री वितरण स्थल के समीप बनाई गई है। सभी मतदान दल के सदस्यों से अपील की जाती है कि गर्मी से बचने के लिये 25-अप्रैल को प्रातः 6.00 बजे सामग्री वितरण स्थल पर पहुँचने का कष्ट करें । अपने मतदान केन्द्र की सामग्री प्राप्त करे। सामग्री का मिलान करने के बाद अपनी पार्किंग में पहुँचे तथा अपने रूट के वाहन से अपने मतदान केन्द्र के लिये रवाना हो ।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अधिकारी/ कर्मचारियों के हित में लिये गये इस निर्णय से मतदान दलों को यथासंभव गर्मी से बचाया जा सकेंगा और गर्मी बढ़ने के पूर्व ही अपने मतदान केन्द्र तक पहुँच जाएंगे।

## श्री देव गढ़पहरा हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमत लला का प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड के ऐतिहासिक एवं सिद्ध क्षेत्र श्री देव गढ़पहरा हनुमान मंदिर में हनुमत लला का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन देव हनुमान जी महाराज का पंचअभिषेक, श्रंगार आरती, सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ, हवन एवं भोग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री देव हनुमान मंदिर गढ़पहरा धाम ट्रस्ट क्रमांक 100 के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव के अनुसार बुंदेलखंड के ऐतिहासिक एवं सिद्ध क्षेत्र श्री देव गढ़पहरा हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षानुसार श्री हनुमान लला



का प्राकट्योत्सव पूरी धूमधाम से मनाया जाना तय किया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित गोकुलदास वैष्णो के अधिष्ठान में मंगलवार 23 अप्रैल को सुबह 5 बजे हनुमान जी महराज का पंचाभिषेक प्रारंभ होगा। प्रातः 6 बजे श्री हनुमान जी की श्रंगार आरती प्रातः 7 बजे से श्री सुन्दर काण्ड एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ आरम्भ होगा। हनुमान सेवक डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि ट्रस्ट कमेटी के निर्णय अनुसार प्रातः 9.30 बजे से मंगलकारी पूजन एवं 12 बजे हवन तथा दोपहर 1 बजे से भोग प्रसादी का कार्यक्रम शुरू होगा। ट्रस्ट कमेटी के मोहत्तमकार तथा मंदिर के पुजारी पं गोकल दास ने श्री हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित होने जा रहे उक्त सभी कार्यक्रमों में समस्त भक्तगणों को आमंत्रित करते हुए भोग प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।





### भगवान महावीर स्वामी जयंती पर निकली शोभा यात्रा, विधायक शैलेंद्र जैन ने किया स्वागत

**सागर।** देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव शहर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कटरा बाजार स्थित गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती वर्णी भवन मोराजी मंदिर पर संपन्न हुई। कटरा बाजार में विधायक शैलेंद्र जैन ने शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं शोभायात्रा में शामिल भी हुए। उन्होंने समस्त सागर वासियों को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्याग, तप, सत्य व अहिंसा के शाश्वत प्रतीक भगवान महावीर स्वामी जी ने अपनी शिक्षा से सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह के पंचशील सिद्धांत पीढ़ियों तक दिशा दिखाएंगे। शोभायात्रा समारोह में समाज के सभी वरिष्ठजन के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी मौजूद रहीं।

## जिले के बाहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को 30 जून तक जल अभावग्रस्त घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में आगामी पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए कृषि / व्यवसायिक / औद्योगिक हेतु भू-जल स्त्रोतों का अतिदोहन होने से पेयजल स्त्रोतों / नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि जल स्तर गिरने से अधिकांश सतही जल स्त्रोत सूख जाने के कारण आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को देखते हुए सागर जिले की समस्त तहसीलों में "मध्यप्रदेश पेयजल परीक्षण अधिनियम के तहत पेयजल के अलावा अन्य प्रयोजन के लिए नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। स्थिति का परीक्षण किये जाने पर यह परिलक्षित हुआ है कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है।कलेक्टर आर्य आदेशानुसार मध्य प्रदेश पेयजल परीक्षण अधिनियम के अन्तर्गत सागर जिले के बाहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को 15 अप्रैल से 30 जून तक जल अभावग्रस्त घोषित किया है।जिले में निरंतर भू जल स्तर की गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए अधिनियम की धारा 6 (1) के अन्तर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। (4) सागर जिले के सीमा क्षेत्र की सीमा में नलकूप/बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना (सार्वजनिक सडकों से गुजरने वाली मशीनों को छोडकर) न तो प्रवेश करेगी और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन करेगी।प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों को जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी अथवा नलकूप खनन / बोरिंग का प्रयास कर रही मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच (संबंधित सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जांच) के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया जाता है। इस अधिसूचना का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 9 के अनुसार दो वर्ष तक के कारावास या दो हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है।



### सड़क हादसा : मोटरसाइकिल और फोर व्हीलर वाहन की भिड़ंत चालक गंभीर रूप से घायल

**सागर।** जिले के सानौधा थाना क्षेत्र सागर दमोह रोड साजली नदी के पास मोटरसाइकिल और फोर व्हीलर वाहन की भिड़ंत में मोटरसाइकिल चालक राजू पटेल गंभीर रूप घायल जिला अस्पताल के लिए रिफर किया। वही कार भोपाल से मैहर शादी में जा रही थी, मोटरसाइकिल सवार सब्जी बैचने परसोरिया बाजार जा रहा था। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया फोर व्हीलर बहुत तेज रफ्तार में जा रही थी और कार चालक ने रागं साइट जाकर मोटर साईकल सवार राजू पटैल को जोरदार टक्कर मार दी और उसके बाद कार भी पलट गई। जिसमे कार सबार चार लोग भी घायल हुए है वही राजू पटैल निवासी साजली (गिरवर) की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की आज की 1527 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन की 205 वीं काव्य संगोष्ठी संपन्न हुई। चित्रा मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी-संचालन का श्री गणेश किया। पृथ्वीपुर से श्रीमती सन्ध्या साहू सांझी ने भक्तिभाव-पूर्ण, माँ सरस्वती की वंदना की। सागर से आज की संगोष्ठी के अध्यक्ष डा. सीताराम श्रीवास्तव भावुक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सागर की माटी को नमन करते हुए कहा- सागर की माटी को प्रणाम,, लाखा बंजारा को प्रणाम, कविवर पद्माकर को प्रणाम, सर हरीसिंह गौर के साथ, सागर की माटी को प्रणाम। सागर साहित्य मनीषियों का सागर है, और मणीकांत चौबे, इन में से एक विशिष्ट रत्न है जिसने साहित्य संगोष्ठियों के आयोजन की निरन्तरता का इतिहास रचा दिया है। इसे अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। काव्यपाठ करते हुए कहा- धमाचौकड़ी आज मची है, राजनीति के गलियारों में। भटक रही हैं मर्यादायें लोकतंत्र के अंधियारों में। सत्ता सुख की बढ़ी लालसा, नेताओं के दरबारों में, मत्था टेक रहे नेतागण, मंदिर मस्जिद गुरुद्वारों में। अपने स्वागत भाषण में पृथ्वीपुर से वीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा- साहित्य संगोष्ठी का यह मंच कठिन परिस्थितियों में भी कार्यरत रहा है और यही इस मंच की विशिष्टता है, जो इसे अन्य मंचों से पृथक करती है। गोष्ठी में नागपुर से श्रीमती मंजूषा किंजवाडकर, दुर्ग से श्रीमती बीना सिंह रागी ,रीवा से डा बारे लाल जैन, दमोह से डा रघुनंदन चिले, डा प्रेमलता नीलम, निवाडी से डा रामनिवास तिवारी आशु कवि, बडा-मलहरा से डा देवदत्त द्विवेदी सरस एवं संजय तिवारी, पृथ्वीपुर से रविशंकर बिलगैया तथा सागर से साहित्य- मनीषीगण पूरन सिंह राजपूत, डा चंचला दवे, आर के तिवारी, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी मणीदेव ठाकुर, अनिल जैन विनर, सुनीला सराफ ने काव्यपाठ किया। उपस्थित सभी जनों के प्रति आभार अभिव्यक्ति अमित मणी कांत चौबे ने की। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्ध जनों में, सागर के सम्माननीय साहित्य-मनीषी एल. एन. चौरसिया, एड के के सिला कारी, पं शुकदेव तिवारी, प्रो.सुरेश आचार्य, कृष्ण कांत बख्शी, कल्याण दास साहू पोषक, पुष्पा चिले, डा सरोज गुप्ता, अजय सराफ, अबरार अहमद अबरार, देवकी नंदन रावत, राजेन्द्र दुबे, शैलेश दुबे सिरदर्द, डा जिनेश जैन संघर्षी, मुकेश तिवारी, डॉ विनोद तिवारी, कपिल बैसाखिया, एड राधा कृष्ण व्यास, योगेश दत्त तिवारी आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

## होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक का नाम होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों के अनुसार चुनाव के दौरान लगाये जाने वाले होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक की पहचान अंकित करने की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा इस बारे में सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र भेजकर कहा गया है कि स्थानीय निकायों और प्राकिरणों से नियंत्रित अथवा विनियमित होर्डिंग्स, मुद्रक और प्रकाशक की पहचान के बिना लगाये जाने के बारे में भारत निर्वाचन आयोग को अभ्यावेदन प्राप्त हुये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क जहाँ मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते को अंकित किये बिना चुनावी पोस्टर और पम्पलेट के प्रकाशन पर रोक लगाती है, वहीं धारा 127-क (3) (बी) चुनावी पम्पलेट और पोस्टर के अर्थ को व्यापक आयाम देती है और इसमें प्ले कार्ड्स या पोस्टर को भी शामिल करती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के इन निर्देशों के गैर अनुपालन या उल्लंघन को गम्भीरता से लेने के निर्देश सभी जिलों के कलेक्टर को दिये हैं। जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि ऐसे सभी नगर पालिक प्राधिकरण अथवा प्राधिकारी जो होर्डिंग्स अथवा बैनर या पोस्टर आदि के लिये जिम्मेदार हैं, उन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये जायें तथा राजनैतिक दलों को भी इन प्रावधानों से अवगत कराया जाये।






### रहली में सड़क पर कचरा फेंकने पर हुआ जुर्माना, 8 लोगों पर हुई कार्रवाई

**रहली।** नगर पालिका परिषद रहली द्वारा सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही की है और दुकानदारों को लगातार समझाइस दी जा रही है कि सड़क पर कचरा ना फेंके। स्वछता अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है एवं नगर को स्वच्छ रखने निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं, जिन लोगों द्वारा सड़क पर कचरा फेंका जा रहा है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की जा रही है । सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एवं सीएमओ बालकृष्ण पटेल के निर्देशन में नगर में वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है तथा प्रत्येक बार्ड एवं गलियों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नगर वासियों से भी नगर को स्वच्छ बनाए रखने अपील की जा रही है। नगर को स्वच्छ रखने में कुछ लोगों द्वारा असहयोग किया जा रहा है एवं जानबूझकर खुले में कचरा फेंका जा रहा है ऐसे लोगों की निगरानी कर अभी जुर्माना की कार्यवाही की है आगे नगर पालिका एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी कांग्रेस के स्टार प्रचारक बने



**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण के चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश के लिये स्टार प्रचारक बनाये गये हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सेलजा के द्वारा जारी स्टार प्रचार कों की सूची में मध्य प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी को स्टार प्रचारक बनाया गया है। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर कांग्रेसजनों ने श्री चौधरी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## स्वच्छ सागर स्वस्थ सागर नगर निगम की अभिनव पहल

# महावीर जयंती पर जुलूस शोभायात्रा के बाद एक घंटे के अंदर की गई सफाई, शहरवासियों ने कार्रवाई की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वस्थ सागर स्वच्छ सागर बनाने की दिशा में नगर निगम सागर की अभिनव पहल का संपूर्ण सागर वासियों ने जहां सराहना की है वही सागर को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में यह करवाई मील का पत्थर साबित होगी ।

कलेक्टर दीपक आर्य एवं नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री के द्वारा सागर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जहां विगत दिवस रामनवमी के अवसर पर बड़ी मात्राओं में शहर में शोभायात्राएं निकल गई थी, जिसमें पानी पाउच एवं प्रसादी वितरण के कारण मुख्य सड़कों पर कचरा एकत्र हो गया था, किंतु नगर निगम की कार्रवाई से शोभा यात्रा समाप्ति के 1 घंटे के पश्चात ही संपूर्ण सागर स्वच्छ सागर बन गया था। इसी कड़ी में आज महावीर जयंती के अवसर पर भी नगर



निगम की डेढ़ सौ से अधिक सफाई मित्रों के द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रसादी वितरण एवं पानी पाउच वितरण के कारण शहर की सड़कों पर कचरा एकत्र हो गया था, किंतु शोभायात्रा की कुछ समय बाद ही शोभा यात्रा की मार्गों की सफाई की गई एवं तत्काल सफाई मित्रों के द्वारा एकत्र कचरे को कचरा गाड़ी के माध्यम से परिवहन कराया गया जिससे संपूर्ण सड़क स्वच्छ बन गया। इस कार्रवाई का शहर वासियों के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन की सराहना की एवं संकल्प भी लिया कि आगे से किसी भी त्यौहार पर किसी भी समाजों के द्वारा निकाले जाने वाली शोभायात्राओं में फैलने वाली कचरे को सफाई मित्रों के साथ सफाई करने में सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं सागर को स्वच्छ एवं स्वस्थ सागर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री ने सभी समाजजनो एवं राजनीति के धार्मिक संगठनों से अपील की है कि उनके द्वारा निकाली जाने वाली शोभा यात्राओं में गन की माध्यम से जो रंग बिरंगे कागजो की वर्षा की जाती है वह न करें। इसको हटाने में सफाई मित्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और यह गैस के माध्यम से चलती है जिससे कभी भी कहीं भी कोई भी घटना घटित हो सकती है। नगर निगम कमिश्नर खत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि शहरहित में इस प्रकार की किसी भी गतिविधियां करने से बचे।

### वार्ड दरोगा अपने वार्ड में तोड़े जाने वाले मकानों की जानकारी निगम कार्यालय को दें: आयुक्त

**सागर।** खाली प्लाटों में पडे मलमा-कचरा की सफाई न कराने और नाली आदि के निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वाले प्लांट मालको के खिलाफ नगर निगम द्वारा चालानी कार्रवाई की जा रही है और यह चालान की राशि उनके संपत्ति कर की राशि के साथ वसूल की जाएगी, इसलिए खाली प्लाट मालिक जिनके प्लाटों पर कचरा-मलवा पड़ा है या पुराने भवनों को गिराने से निकले मलवे को तुरंत नहीं उठाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस आशय निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने प्रातः नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान कोतवाली के बाजू में तोड़े जा रहे पुराने मकान के मलवे को तुरंत उठाने को कहा साथ ही समस्त सफाई दरोगाओं को निर्देश दिए हैं कि उनके वाडो में जहां पुराने मकान तोड़े जाते हैं, उनकी सूचना नगर निगम को अवश्य दें इसी प्रकार उपहार ज्वेलर्स के सामने पड़े खाली प्लाट के सामने बनी नगर निगम की नाली को बंद कर देने की शिकायत मिलने पर उन्होंने संबंधित प्लांट मलिक को नोटिस देने के निर्देश दिए।

# महावीर स्वामी का मनाया जन्मकल्याणक, मुनिश्री विलोक सागरजी व मुनिश्री विबोध सागरजी महाराज के सानिध्य में मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**रविवार को चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को टीकमगढ़ शहर के सभी जिनालयों में जैन धर्म के 24 में एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक बड़े ही उत्साह एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ बनाया गया।**

रविवार को सुबह 7 बजे से सभी मंदिरों में श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा एवं पूजन संपन्न हुई। इस बार महावीर जयंती मुनिश्री विलोक सागरजी एवं मुनिश्री विबोध सागरजी महाराज के सानिध्य में मनाई गई। प्रदीप जैन बम्हौरी ने बताया कि दोपहर 1 बजे से बाजार जैन मंदिर से जुलूस प्रारंभ हुआ जो शहर की प्रमुख मार्गों से होता हुआ राजेंद्र पार्क पहुंचा जहां श्रीजी का अभिषेक एवं मुनिश्री के मांगलिक प्रवचन हुए। जुलूस में बग्गी ढोल नगाड़े बैंड बाजे बालक महावीर का पालना आचार्यश्री का कटआउट चल रहे थे। युवक एवं युवतियां नृत्य करते हुए चल रहे थे अनेक मंदिर के विमान में श्रीजी विराजमान थे। महिला मंडल अलग-अलग ड्रेस में चल रही थी। सिंधी धर्मशाला के पास पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने श्रीजी की आरती उतारी एवं मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुनिश्री ने अपने प्रवचनों के माध्यम से बताया कि हजारों वर्ष पहले भगवान महावीर स्वामी का इस भारत की वसुंधरा पर जन्म हुआ था उनके सिद्धांत आज भी संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणादाई है उन्होंने कहा था कि किसी भी जीव को कष्ट नहीं पहुंचाए किसी भी जीव को दुःखी नहीं करें स्वयं जिए एवं दूसरों को जीने का अधिकार दें यही महावीर स्वामी की प्रमुख शिक्षा रही। जैन धर्म के अनुसार समय समय पर धर्म तीर्थ के प्रवर्तन के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है। जो सभी जीवों को आत्मिक सुख प्राप्ति का उपाय बताते है। तीर्थंकरों की संख्या चौबीस ही कही गयी है।





भगवान महावीर वर्तमान अवसर्पिणी काल की चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर थे और ऋषभदेव पहले हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेद-भाव जिस युग में बढ़ गया। उसी युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया। तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया।

## ग्राम में मनाया गया भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव



**बम्हौरी बराना।** बम्हौरी खास ग्राम में रविवार 21 अप्रैल दिन रविवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान महावीर स्वामी का विमान सुसज्जित किया और वैदिक धर्म से भगवान की पूजा अर्चना की इसके बाद शोभा यात्रा का आयोजन किया। जिसमें डीजे एवं विमान के साथ जैन समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ हुई और देवीजी मंदिर तक गई। जहां सभी ने भगवान महावीर के सामने नाच-गाकर पूजा अर्चना की एवं लोगों ने गली-गली में फूल बरसा कर स्वागत किया। जिसमें बम्हौरी गांव की समस्त जैन समाज मौजूद रही।

# टीकमगढ़ में गणनी आर्यिकाश्री सृष्टि भूषण माताजी का आगमन



**टीकमगढ़।** शनिवार के दिन परम पूज्य गणनी आर्यिकाश्री सृष्टि भूषण माताजी का आगन नगर में हुआ। इस बारे में नगर के पवन घुवारा ने बताया कि गणनी परम पूज्य 105 आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी एवं आर्यिका श्री विश्वयश मतिजी का प्रथम बार बुंदेलखंड के सिद्ध क्षेत्र के लिए प्रभावना पूर्वक बिहार चल रहा है।

वर्ष 2023 मुरादाबाद में चातुर्मास कर बुंदेलखंड यात्रा के लिए कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र से दर्शन पश्चात बेला, दमोह, पथरिया सिद्धक्षेत्र नैनागिर शाहगढ़ बड़ा मलहरा द्रोणगिरी होते हुए माताजी ने सिद्ध क्षेत्र आ हा र जी टीकमगढ़ मे आगमन में 23 मार्च 1964 को जन्मी सुलोचना दीदी ने सिद्ध क्षेत्र श्रीसम्मेद शिखरजी में आचार्यश्री सुमति सागरजी और विद्या भूषण आचार्यश्री सम्मति सागरजी से 26 मार्च 1994 को आर्यिका दीक्षा लेकर आर्यिकाश्री सृष्टि भूषणजी नामकरण हुआ। 30 वर्ष के संयमी जीवन में 10 से अधिक राज्यो मे भ्रमण कर धर्म की प्रभावना की। सृष्टि संस्था के माध्यम से केंसर मरीजों तथा अन्य बीमारियों के इलाज कराए जाते हैं 30 वर्ष के संयमी जीवन में 25 हजार से अधिक किलोमीटर का बिहार किया है 29 सितंबर 2019 को विश्व प्रसिद्ध संस्था ने मानव रत्न अलंकरण से देहली में विभूषित किया।

**26 मार्च 1994 को आर्यिका दीक्षा लेकर आर्यिकाश्री सृष्टि भूषणजी नामकरण हुआ**

## शनिवार रात के हुई मीडिया डिबेट का मामला

# भाजपा-कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हुआ विवाद तीन के खिलाफ मामला दर्ज, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**नगर के मध्य ही नजरबाग परिसर में शनिवार रात हुए भाजपा और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के विवाद के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। देर रात दो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया। इस मामले में कांग्रेस की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।**

असल में शनिवार रात नजरबाग परिसर में एक न्यूज चैनल की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर मीडिया डिबेट का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी सहित आम लोग भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोंक झोंक होती रही।

इसी दौरान कांग्रेस पक्ष की ओर खड़े एक युवक ने भाजपा और प्रधानमंत्री के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता भड़क गए और मारपीट की नौबत आ गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से मारपीट शुरू हो गई। घटना के बाद भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द बोलने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी थी।



### तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर नगर परिषद कारी निवासी हिमांशु तिवारी, कटरा बाजार निवासी बाबर खान सहित एक अज्ञात के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 499, 500 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। देर रात हिमांशु तिवारी और बाबर खान को हिरासत में लिया गया।

### कांग्रेस की ओर से नहीं की गई कोई शिकायत

इस मामले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि देर रात उन्होंने इस मामले को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक से बात की थी। मामले में सबसे पहले भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की शुरुआत की थी। रविवार को इस मामले में शिकायत दर्ज कराएंगे।

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया पर रखी जा रही पैनी है नजर

**विदिशा।** कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में स्थापित किए गए एमसीएमसी प्रकोष्ठ से पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जा रही है। लोकसभा क्षेत्र सागर के इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला के द्वारा अब तक फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से कुल 30 हजार 174 रुपए की राशि का व्यय खर्च किया गया है। इसके अलावा सागर लोकसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ रही भारतीय जनता पार्टी की अभ्यर्थी लता वानखेड़े के द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक कुल 5688 रुपए का व्यय खर्च किया गया है। विदिशा लोकसभा में चुनाव लड़ रहे श्री प्रताप भानु शर्मा के द्वारा फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफार्म के माध्यम से अब तक कुल 8998 रुपए राशि का व्यय खर्च किया गया है।

### स्ट्रांगरूम व मतगणना स्थल का जायजा लिया

**विदिशा।** संसदीय क्षेत्र 5 सागर के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक एमजेड डिंगलोई और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के पुलिस प्रेक्षक जी विजय कुमार ने विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कार्यों के लिए किए गए प्रबंधों का भ्रमण कर जायजा लिया है। विदिशा एवं सागर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त दोनों प्रेक्षकों के द्वारा ग्राम जाफरखेड़ी में स्थित आदर्श महाविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कक्षों का भ्रमण किया। आदर्श महाविद्यालय परिसर से विदिशा और शमशाबाद विधानसभा के मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा में भी इसी महाविद्यालय में कार्य हुआ है।

## छात्रावासी विद्यार्थियों ने जागरूकता संदेश दिया

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के दौरान स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक पारूल जैन ने बताया कि शनिवार को विभागीय छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। बाल पेंटिग, नुक्कड नाटक, रैलियों के माध्यम से छात्रावासी विद्यार्थियों द्वारा 7 मई को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर पहले मतदान करें का संदेश दिया।

## अनुपस्थित रहने पर शोकॉज नोटिस जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा चुनाव के तहत अधिकारियों को कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। वन परिक्षेत्र बासौदा के वनपाल अशोक गौर कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित होने पर उन्हे नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह बासौदा के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसर विजय राय द्वारा एसएसटी दल क्रमांक एक पचमा का औचक निरीक्षण किया गया। पता चला की 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक वनपाल अशोक गौर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं थे। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना करने पर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण का जबाव कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**विदिशा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस के तत्वाधान में गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं तथा स्पोर्ट्स की छात्राओंकी बीएमआई तथा ब्लड प्रेशर की जांच की गई। गृह विज्ञान विभाग की प्रियंका सोंधिया के द्वारा काउंसलिंग भी की गई। इसी कार्यक्रम के तहत छात्रों ने कार्यक्रम मे छात्राओं से मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर छात्राओं से ड्राइंग कंपटीशन करवाया।

# चोरी हुए 14 लाख 86 मोबाइल बरामद कर पुलिस ने लौटाए

**सायबर सेल ने विदिशा के अलावा भोपाल, अशोकनगर, सागर और रायसेन जिले से भी कई मोबाइल बरामद किए हैं**



विदिशा। गुम हुए मोबाइल वापस लौटाते एसपी दीपक कुमार शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- पिछले साल 29 लाख रुपए के 206 मोबाइल वापसी किए थे।

पुलिस ने चोरी हुए लाखों रुपए के 86 मोबाइल बरामद किए हैं। जिन्हें शनिवार को उनके मालिकों को लौटाया गया। अपने मोबाइल पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

दरअसल जिले में पिछले कुछ महीनों में मोबाइल चोरी या मोबाइल गुम होने के कई मामले सामने आए थे। जिनकी शिकायतें जिले के थानों में दर्ज की गई थी, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने जिले में चोरी या गुम हो जाने वाले मोबाइल को ढूंढने के लिए साइबर क्राइम की टीम को काम पर लगाया था। साइबर क्राइम की टीम ने चोरी किए गए मोबाइल की लोकेशन के आधार पर उनको ट्रेस कर लिया और पुलिस ने लगभग 14 लाख रुपए कीमत के 86 मोबाइल को बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी दीपक शुक्ला और अति पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे ने चोरी किए गए मोबाइल को उनके मालिकों को सुपुर्द किए।

सायबर सेल ने विदिशा जिले के अलावा भोपाल, अशोकनगर, सागर, रायसेन जिले से भी मोबाइल को खोजकर बरामद किया था। जिन्हें शनिवार को वितरित किया गया। इसके पहले भी विदिशा पुलिस द्वारा 15 लाख रुपए कीमत के 120 मोबाईल वितरित कर चुकी है। पिछले साल भी एक वर्ष में 29 लाख रुपए के 206 मोबाइल को ढूंढकर उनके असली मालिकों को दे चुकी हैं। गंजबासौदा की दुर्गा कुशवाह ने बताया कि उनका मोबाइल 2023 में गुम हुआ था। उनको मोबाइल मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। पुलिस ने उन्हें उनका खोया हुआ मोबाइल वापस किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था।

# अतिक्रमण कर रखा टेंट हाउस का सामान, तहसीलदार ने किया जब्त

- मंदिर समिति ने लिखित में की थी अतिक्रमण की शिकायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बालाजी एनक्लेव कॉलोनी के पास सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के समिति सदस्यों और रहवासियों ने कलेक्ट्रेट में मंदिर परिसर में अतिक्रमण कर सामान रखने की शिकायत के बाद शनिवार को तहसीलदार मौके पर पहुंचे।

प्रशासन द्वारा दो दिन पहले कब्जा करने वाले व्यक्ति को नोटिस देकर चेतावनी दी थी, लेकिन समय पर उसने अतिक्रमण नहीं हटाया।



विदिशा। नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमणकारी ने नहीं हटाया था सामान।

शनिवार दोपहर तहसीलदार अमित ठाकुर नगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी रास्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सामान को जब्त कर अपने साथ ले गए। इसी मंदिर से लगे हुए शासकीय प्राथमिक शाला पेढ़ी मतदान केंद्र भी है। जिसमें भी अतिक्रमण है। वहां भी अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। तहसीलदार ने स्कूल प्रबंधन से स्कूल के चारों तरफ तार फेंसिंग कराने की बात कही है।

# जांच पड़ताल: 27 वाहन चालकों के बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बासौदा एवं कुरवाई में वाहनों की जांच पड़ताल करने की कार्रवाई की है। जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 40 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जाकर उनमें से 27 वाहनों के चालान बनाकर 65 हजार 750 रुपए वसूल किए गए।

शेष अन्य 13 वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना बासौदा एवं कुरवाई में खड़ा कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से भारवाही वाहनों में सवारी ढोने, वाहनों में वैध प्रपत्र न होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्रवाई की गई। वहीं लोकसभा के लिए बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने 45 वाहनों को कलेक्टर द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश तामिल कराए गए हैं।



## जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में दो दिवसीय आयोजन

# वाहन रैली निकालकर दिया जियो और जीने दो का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी के तहत शनिवार को प्रभात फेरी और वाहन रैली निकाली गई।

वाहन रैली माधवगंज चौराहे से शुरू हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान लोग भगवान महावीर स्वामी के 'जियो और जीने दो' का संदेश देते हुए चल रहे थे। सकल जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि रविवार को जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महा महोत्सव है। इस मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम आचार्य आर्जवसागर महाराज के सानिध्य में हो रहे हैं।

शनिवार को नगर के तीन जिनालयों से प्रभात फेरी निकाली गई। चंद्रप्रभु जिनालय खरीफाटक, दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, किलाअंदर, पारसनाथ जिनालय रामद्वारा से निकाली गई। प्रभात फेरी तिलक चौक पर एकत्रित होकर नीमताल से माधवगंज महावीर कीर्ति स्तंभ पहुंची।



समाजजनों को ध्वजा वितरित कर रही संस्था।

### ध्वजा वितरित कर रही संस्था

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर शहर के प्रत्येक जैन परिवार के घर पर जैन ध्वजा लहराने का लक्ष्य लेकर जैन मिलन विदिशा के सदस्य पिछले कई दिनों से घर घर जाकर लोगों को जैन ध्वजा वितरित कर रहे है। बता दें कि जैन मिलन विदिशा शहर की सामाजिक संस्था है।संस्था अध्यक्ष डॉक्टर आनंद जैन ने बताया कि महावीर जयंती पर शहर में घर-घर में जैन धर्म ध्वजा लगे इसी संकल्प को लेकर जैन मिलन विदिशा के सभी वीर साथी घर-घर जाकर जैन धर्म ध्वजा पहुंचा रहे हैं। अध्यक्ष अतुल जैन ने समाजजनों से 21 तारीख को नगर में निकलने वाले भव्य महावीर जन्मकल्याणक चल समारोह में शामिल होने की अपील की है।

## बैठक में सीनियर कार्यकर्ताओं ने छोड़ा साथ, युवा बोले हम आपके साथ

# कांग्रेस के राम का निवास बदलने पर संशय बरकरार, कार्यकर्ता पशोपेश में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

रामनिवास रावत कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाएंगे, इसको लेकर फिर संशय बरकरार हो गया हैं। अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म से अपनी प्रोफाइल बदलने के बाद चर्चा में आए रामनिवास रावत के लिए सारी मीडिया और सोशल मीडिया ने बीजेपी में जाने के दावे किए। इन दावों को बल तब मिला, जब रामनिवास रावत या उनके कार्यकर्ताओं की ओर से किसी भी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई। अब सुनने में आया है कि कांग्रेस के राम ने अपना निवास बीजेपी धाम के बजाए वापस कांग्रेस धाम पर ही रखने का निर्णय ले लिया हैं, लेकिन इसमें भी कितनी सच्चाई हैं यह फिलहाल सामने आना बाकी है। अलबत्ता उनके दल से चुनाव लड़ रहे नीटू सिकरवार की परेशानी जरूर बढ़ गई हैं। कांग्रेस ने उनके फोटो लगी चुनाव प्रसार सामग्री को वितरण से रोक दिया हैं।

रामनिवास रावत की ओर से न तो भाजपा में जाने के लिए कोई जानकारी मिली न ही अफवाहों पर खंडन जारी किया गया। लेकिन अब कार्यकर्ताओं की ओर से जानकारी भिजवाई जा रही हैं कि, रामनिवास रावत की बात कांग्रेस के शीर्षत्तम नेता राहुल गांधी से हो चुकी हैं। राहुल गांधी ने उन्हें कमलनाथ की तरह कांग्रेस में रहने को राजी कर लिया है। पर सारी बातें कार्यकर्ता ही बोल रहे हैं। अधिकृत रूप से न तो रामनिवास यह बात खुद कह रहे हैं न ही उनकी पार्टी का कोई नेता बोल रहा है। सोशल मीडिया अकाउंट पर भी रामनिवास रावत, राहुल गांधी के बिना आज भी अकेले दिखाई पड़ रहे हैं।



### बैठक में सीनियर कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी

पार्टी बदले या न बदले, इसके लिए रामनिवास रावत ने निर्णय अपने उन कार्यकर्ताओं पर छोड़ दिया, जो उनके चुनाव प्रचार में हरदम जी-जान से लगे रहे हैं। मंडी क्षेत्र में उनके निवास पर हुई बैठक में पहुंचे सीनियर कार्यकर्ताओं ने रामनिवास के दलबदल के निर्णय पर अरूचि जताते हुए विरोध तक जता दिया। कई कार्यकर्ताओं ने कह दिया कि वह पार्टी छोड़ेंगे तो हम उन्हें छोड़ देंगे। अलबत्ता युवा कार्यकर्ता रामनिवास के हर निर्णय से सहमति जताते दिखे। लेकिन सीनियर कार्यकर्ताओं की नाराजगी ने उन्हें पार्टी बदलने पर पुर्नविचार के लिए जरूर मजबूर कर दिया।

### कांग्रेस में रहकर सम्मान और आर्थिक नुकसान झेल रहे रावत

विजयपुर ही नहीं श्योपुर जिले में कांग्रेस को रामनिवास रावत के बिना माना जाना संभव दिखाई नहीं पड़ता। नौ बार कांग्रेस चुनाव चिन्ह से विधानसभा का चुनाव विजयपुर से लड़े रामनिवास छह बार विधायक भी निर्वाचित हुए और दो बार प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। मुरैना लोकसभा सीट से दो बार चुनाव भी लड़े। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने उन्हें कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बनाकर कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सरिखे नेताओं के समक्ष ला खड़ा किया, लेकिन चुनाव निपटने के बाद उनकी उपेक्षा भी खूब हुई। कयास लगाए जा रहे थे कि वह नेता प्रतिपक्ष बनाए जाएंगे, लेकिन उनके स्थान पर उमंग सिंगार को तरजीह दी गई। उधर भाजपा और सिंधिया से अदावत के चलते श्योपुर जिला मुख्यालय पर उनका पेट्रोल पंप शुरू होने से पहले बंद हो गया। रिश्तेदारों का क्रेशर लंबे समय से बंद पड़ा है। कॉलेज को सरकारी जमीन पर होने का नोटिस जारी हो चुका है। हाईवे पर बनी तीन दर्जन दुकानें अतिक्रमण की चपेट में लाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ता और रिश्तेदारों को परेशान किया जा रहा है। इन परेशानियों और पार्टी में उपेक्षा से रावत ने पार्टी बदलने का निर्णय ले सकते हैं।

### प्रेसवार्ता का इंतजार कर रहे कार्यकर्ता

घर पर हुई बैठक के बाद कई कार्यकर्ता उनके भाजपा में जाने की पूर्व सूचनाओं को भ्रामक और अफवाह बताने में जुट गए हैं, लेकिन जो उनके निकट वाले कार्यकर्ता हैं, वह रामनिवास रावत की प्रेसवार्ता का इंतजार कर रहे हैं। रामनिवास के करीबियों ने बताया कि अगर वह कांग्रेस में रहेंगे तो अभी तक चल रही उनकी भाजपा में जाने की अटकलों को खारिज और खंडन के लिए प्रेसवार्ता करेंगे। बस इसी प्रेसवार्ता का इंतजार कई कार्यकर्ताओं को हैं।

## चल समारोह में शामिल हुए सकल जैन समाज के लोग

# आस्था और उल्लास से मनाई भगवान महावीर की जयंती, निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जयंती पर्व रविवार को सकल जैन समाज द्वारा आस्थामय उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में सकल जैन परिवारों ने सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में आस्था के साथ सहभागी बनते हुए शोभायात्रा निकाली।

रविवार की सुबह सरावगी मोहल्ला स्थित बड़े मंदिर से चल समारोह आरंभ हुआ जो गाजे-बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से निकला। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन समाज के लोग धर्मध्वज लेकर चल रहे थे। महिलाएं भजन-कीर्तनों पर नाचती हुईं चल रही थीं। इसके बाद समाज के लोग रथ, जिसमें भगवान की तस्वीर रखी हुई थी उसे अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। इससे पूर्व चल समारोह का अनेक स्थानों पर न केवल स्वागत-सत्कार किया गया, बल्कि भगवान श्री महावीर की आरती उतारकर पूजन भी किया गया। शोभायात्रा का समापन जैन नोहरा बोहरा बाजार में पहुंचकर हुआ। तेरहपंथी दिगम्बर जैन मंदिर सहित बायपास रोड पर संभवनाथ जैसवाल जैन मंदिर पर विधि-विधान से भगवान महावीर का विशेष पूजन व अभिषेक किया गया तथा समूचा मंदिर परिसर पावन मंत्रों के सामूहिक उच्चारणों से गूंजता रहा। जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का समापन सांध्यवेला में विशेष आरती तथा रात्रिवेला में पालना उत्सव के साथ हुआ।








### जैन मुनि की दीक्षा रजत जयंती मनी

विहार करते हुए श्योपुर पहुंचे जैन संत विकसित मुनि एवं वितराग मुनि की पावन निश्रा में विगत बीस दिनों से नियमित नवकार महामंत्र जाप एवं धर्मसभा चल रही हैं। महावीर स्वामी के जन्मोत्सव दिवस पर ही जैन मुनि का 25वां दीक्षा जयंती दिवस भी था, जिसे सकल जैन समाज ने रजत जयंती के रूप में हर्षोल्लास से मनाया और जैन मुनि को बधाई दी।

## सम्मेलन समिति की बैठक में सर्व सम्मति से राधेश्याम बने अध्यक्ष

# ढोटी-आसीदा के बीच होगा मीणा समाज का विवाह सम्मेलन, चुनी गई नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर ढोटी टर्रा और आसीदा के मध्य मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को ग्राम ढोटी स्थित माताजी मंदिर पर आयोजित हुई क्षेत्रीय मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन ढोटी टर्रा आसीदा के मध्य समिति की बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया है। साथही इस बैठक में विवाह सम्मेलन के लिए नवीन कार्यकारिणी का चुनाव भी कर लिया गया।

सर्व सम्मति से चुनी गई सामूहिक विवाह सम्मेलन की नवीन कार्यकारिणी का अध्यक्ष राधेश्याम मीणा बगवाडा को बनाया गया है। जबकि उपाध्यक्ष मंशाराम ढोटी , महावीर कंवरसली, नारायण बगवाड़ा, बाबूलाल टर्रा, देवीराम ढोटी, रमेश चंद्र बिलवाड़ा, रामसिंह ढोटी, बजरंग लाल आसीदा, कोषाध्यक्ष हरिमोहन पच्चीपुरा, विनोद अडवाड़, सचिव निरंजन ढोटी, धर्मराज गोहेड़ा, राकेश बिलवाड़ा को सर्व सम्मति से चुना गया है। बैठक में उपस्थित लोगो ने नव नियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों को बधाई दी, साथही यह भी तय किया कि इस बार सम्मेलन में शामिल होने वाले जोडों से 18000 रुपये की राशि ली जाएगी।

# झाड़ू न लगाने की बात को लेकर विवाहिता को पीटा, पति और जेठ पर केस

**मानपुर कस्बे की घटना, केस दर्ज कराकर पिता के साथ मायके गई विवाहिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जेठ के कमरे में झाड़ू न लगाने की बात को लेकर एक विवाहिता की उसके पति और जेठ ने मिलकर मारपीट कर दी। मारपीट से गुस्साई विवाहिता ने अपने पिता के साथ थाने पहुंच गई और उसकी मारपीट करने वाले पति और जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। यह मामला मानपुर कस्बे का है। मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के बाद विवाहिता अपने पिता के साथ मायके चली गई।

मानपुर टीआई गोपाल सिंह सिकरवार ने बताया कि ग्राम मानपुर निवासी सपना पत्नी प्रमोद माली शनिवार की सुबह अपने घर में झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान उसने जेठ के कमरे में झाड़ू नहीं लगाया तो जेठ ने उससे कह दिया कि मेरे कमरे में झाड़ू क्यों नहीं लगाया। इसी बात को लेकर कहासुनी बढ गई और जेठ छोटू माली और पति प्रमोद माली ने मिलकर सपना की थापघूसों से मारपीट कर दी। जिससे वह चोटिल हो गई। इसके बाद विवाहिता सपना माली ने फोन करके मायके से अपने पिता को बुलवा लिया और फिर शाम को थाने आकर जेठ व पति के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज करा दी।

# लंगर तकसीम के साथ हजरत खानून पीर का उर्स संपन्न, कई लोगों ने पाई प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

हर वर्ष की तरह इस बार भी हजरत खानून पीर का उर्स आस्थापूर्वक मनाया गया। दो दिवसीय उर्स का समापन रविवार को लंगर-तक्सीम के साथ हो गया। उर्स में बड़ी संख्या में पहुंचे जायरनों ने चारद पोशी की और मन्नात मुरादे मांगी। इस दौरान राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों ने भी दरगाह पर पहुंचकर पीर बाबा के प्रति आस्था व्यक्त की।

शनिवार को चादर पोशी के साथ शुरु हुए उर्स में रात को नातिया कलाम का आयोजन हुआ। सुबह फातिहाखानी चादर पोशी की गई। सबसे पहले दरगाह कमेटी की चादर चढ़ाई गई, इसके बाद अकीद मंदों द्वारा चादर पोशी और फातिहा पढ़ी गई सुबह 10 बजे से सिरोही लंगर तकसीम रस्म में हजारों की संख्या में लोगों ने तबर्ररुख (प्रसादी) हांसिल किया। इस दौरान मुरैना के कांग्रेस नेता सोनू सिकरवार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान सहित बड़ी संख्या में राजनेताओं ने पहुंचकर पीर बाबा के प्रति आस्था व्यक्त की। दरगाह के सज्जादा नशीं बाबा इदरीश दोपहर 2 बजे के करीब फातिहा के बाद उर्स के समापन की घोषणा की। दरगाह कमेटी के संरक्षक मो. सखी पप्पू भाई, इल्यिास भाई, दरगाह कमेटी के सदर मो. चीनी कुरैशी, सचिव काजी असद उल्लाह कुरैशी, मुकीम अली, अब्दुल करीम, कय्यूम अली, साजिद अली, शौकत अली, हाजी बुंदू पठान, एजाज खान, पार्षद प्रतिनिधि इमरान खान शानू, इख्तिार खान पिंटू आदि ने उर्स में व्यवस्थाएं बनाने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया।



# अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में लेंगे नुक्कड़ सभाएं

**अशोकनगर।** केंद्रीय नागरिक विमानन एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में 22 अप्रैल सोमवार को प्रवास होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर श्री सिंधिया 22 अप्रैल को अशोक नगर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह प्रातः 10 बजे अशोक नगर से प्रस्थान कर 10:20 पर तूमैन पहुंचेंगे, जहां वह नुक्कड़ सभा लेंगे। तत्पश्चात 11:30 बजे कचनार में बंजारा समाज द्वारा स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:25 पर अखाई टप्पा में नुक्कड़ सभा, दोपहर 1.25 मसीदपुर में नुक्कड़ सभा, 2.25 पर सोनेरा में नुक्कड़ सभा, दोपहर 3:25 पर काका खेड़ी में नुक्कड़ सभा, शाम 4:20 पर जलालपुर में नुक्कड़ सभा, शाम 5:15 पर विजयपुर में नुक्कड़ सभा, शाम 6:10 पर झीला में नुक्कड़ सभा, रात 7:15 पर कुंदौरा में नुक्कड़ सभा, रात 8:45 पर अशोकनगर आगमन, वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक एवं रात्रि विश्राम। दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार को सुबह 10:30 बजे अशोकनगर से पिछोर विधानसभा के ग्राम मुहासा प्रस्थान।

# बगैर पंजीयन चल रही पैथलॉजी लैब शील्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड के निर्देश पर सीएमएचओ द्वारा शहर श्योपुर में अवैध रूप से संचालित एक पैथलॉजी लैब को शील्ड करने की कार्यवाही की गई है। सीएमएचओ डॉ जेएस राजपूत ने बताया कि कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा इस संबंध में दिये गये निर्देशो के क्रम में एफसीआई गोदाम के पास खरंजा रोड पर संचालित एडवांस पैथलॉजी का निरीक्षण किया तो उसके पास न तो पंजीयन मिला और न ही वहां पैथलॉजी चिकित्सक उपस्थित मिला। ऐसे में बगैर पंजीयन तथा बगैर पैथलॉजी चिकित्सक के अवैध रूप से संचालित इस पैथलॉजी लैब को शील्ड करने की कार्यवाही की गई है।

## राजस्थान से आ रहे थे बाइक सवार, पैसों के संबंध में नहीं दिखाए पाए जरूरी दस्तावेज

# सूसवाडा चैकिंग नाके पर बाइक सवार दो लोगों से 4 लाख 02 हजार रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



लोकसभा चुनाव को लेकर जिले की सीमाओं पर लगे चैकिंग नाकों पर लगी एसएसटी टीम की चैकिंग के दौरान नगदी राशि जब्त किए जाने का सिलसिला चल रहा है। बीती शाम को राजस्थान से सटे सूसवाडा गांव में लगे चैकिंग नाके पर बाइक सवार दो लोगों से 4 लाख 02 हजार रूपए जब्त किए गए। हालांकि एसएसटी टीम के अधिकारियों ने रूपयों को कहां से लाने और किस प्रयोजन के लिए लाने के संबंध में बाइक सवार लोगों से दस्तावेज मांगे थे,लेकिन दोनो युवक कोई भी जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सके।

एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि आवदा थाना क्षेत्र स्थित सूसवाडा चैकिंग नाके पर शनिवार को जब एसएसटी टीम यहां से गुजर रहे लोगों की चैकिंग कर रही थी,तभी राजस्थान तरफ से बाइक पर सवार होकर दो लोग यहां पहुंचे। चैकिंग के दौरान इन दोनों ग्रामीणों के कब्जे से 4 लाख 02 हजार रूपए की राशि मिली। पूछताछ के दौरान बाइक सवार दोनों लोगो ने अपने नाम देवेन्द्र जाट पुत्र बृजराज जाट तथा मुकेश पुत्र कृपाल जाट निवासी झिरन्या थाना आवदा बताया। लेकिन पूछताछ के दौरान ये लोग इस सबंध में कोई भी जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा पाए कि वे इन रूपयों को कहां से लेकर आ रहे है तथा किस उपयोग के लिए लेकर आ रहे है। इस बारे में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके,इसलिए इस राशि को एसएसटी टीम के द्वारा जब्त कर लिया गया।

## गर्मी के कारण सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग हो रहे प्रभावित

# तापमान बढ़ने से डायरिया और लू के मरीज बढे, जिला अस्पताल की ओपीडी 600 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

अप्रेल में ही भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अभी मई व जून का महीना आना बाकी है। अचानक गर्मी बढ़ने से डायरिया, लू, घबराहट व बेचैनी की समस्या लोगों में देखने को मिल रही है। गर्मी का प्रभाव ज्यादातर बच्चों व बुजुर्गों में देखने को मिल रहा है। इससे जिला अस्पताल के साथ ही निजी डॉक्टरों के पास मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी 600 के पार पहुंच गई है।

मौसम में आए बदलाव का असर सबसे ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य पर पडा है। जिसके चलते जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पहले जिला अस्पताल की ओपीडी 400 और 500 के आसपास रहती थी,जो अब बढकर 600 के पार पहुच गई है। वहीं जिला अस्पताल में प्रतिदिन भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी 100 के पार पहुंच गई है। इधर लगातार तापमान में बढ़त दर्ज की जा रही है। ऐसे में डॉक्टरों ने बुजुर्ग और बच्चों को गर्मी से बचाव की सलाह दी है। आरएमओ डॉ गजेन्द्र धाकड का कहना है कि गर्मी से बुजुर्ग और बच्चों ने बचाव का ध्यान नहीं रखा तो वे बीमारी की गिरफ्त में आ सकते है।




### ये बरते सावधानी

वैसे तो लोगो को तेज धूप में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। अगर बहुत जरूरी काम है तो गमछा पहनकर निकलें। लगातार पानी पीते रहें और बाहर का कुछ भी खाने से परहेज करें। बाजारों में मिलने वाले खाद्य पदार्थ गर्मी के कारण जल्द खराब हो जाते हैं। इसके कारण इन्हें खाने से बचना चाहिए। इन खाद्य पदार्थों के सेवन से पेट दर्द, फूड पाइजनिंग तथा उल्टी-दस्त की शिकायत भी होती है।

### तेज धूप में जाने से बचे,खूब पीए पानी

गर्मी बढ़ने के साथ ही बच्चों व बुजुर्गों के शरीर में पानी की कमी के कारण वे लू की चपेट में आ रहे हैं। दरअसल, गर्मी से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। पानी की कमी के कारण लोगों को घबराहट व चक्कर आने लगते हैं। बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीकर घर से निकलना चाहिए। इससे बचाव के लिए सबसे पहले तो लोगों को तेज धूप में जाने से बचना चाहिए और शीतल पेय का सेवन करना चाहिए।

### जिला अस्पताल की ओपीडी व भर्ती होने वाले मरीज

| दिनांक | ओपीडी | आइपीडी |
|---|---|---|
| 15 अप्रेल | 675 | 130 |
| 16 अप्रेल | 608 | 120 |
| 17 अप्रेल | 201 | 109 |
| 18 अप्रेल | 520 | 98 |
| 19 अप्रेल | 489 | 122 |
| 20 अप्रेल | 493 | 144 |

### इनका कहना

मौसम में उतार चढ़ाव के कारण मरीजों की संख्या बढ़ती है। गर्मी बढ़ने से डायरिया व लू के मरीज बढ़ते हैं। इससे बच्चे व बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित होते है। गर्मी से लोगों को बचाव करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। बाहर व खुली खाद्य सामग्री का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

डॉ डीएस सिकरवार
सिविल सर्जन,जिला अस्पताल

### पनवाडा मेले से चोरी हुई दो बाइकें पुलिस ने की बरामद, पकड़े दो चोर

**श्योपुर।** दो दिन पहले पनवाडा में आयोजित धार्मिक मेले से चोरी हुई दो मोटरसाइकिलां को कराहल थाना पुलिस ने बरामद करते हुए इन्हें चोरी करने वाले दोनों चोरों को भी दबोच लिया है। दोनों चोर नशेडी है। जिन्होने नशे का शौक पूरा करने के लिए बाइके चुराई थी। कराहल थाने के इंचार्ज योगेन्द्र नाथ शर्मा ने बताया कि ग्राम पनवाडा में आयोजित मेले से 19 अप्रैल को विष्णु पुत्र परसादी जाटव निवासी इंद्राकॉलोनी कराहल और रामरतन जाटव निवासी चक बुखारी की बाइक चोरी हो गई। ये दोनों अपनी अपनी बाइकों से मेला देखने के लिए आए थे। विष्णु जाटव की रिपोर्ट पर दोनो बाइकों के चोरी होने का मामला दर्ज कर उनकी तलाश की गई। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी का खुलासा करते हुए बाइक चोरों को दबोच लिया है। रविवार की सुबह पकडे गए बाइक चोरों ने अपना नाम उमेश पुत्र रामजीलाल कुशवाह, बल्लू पुत्र राधेश्याम गुर्जर निवासी गोवर्धा बताया गया है। दोनों आरोपी नशे की लत के शिकार है और इन्होंने अपना नशे का शौक पूरा करने के लिए इन बाइकों को चोरी किया था। लेकिन ये इन बाइकों को बचे पाते,इसके लिए उन्हें दबोच लिया गया। इस मामले में कार्रवाई करने वाली टीम में उनि योगेन्द्र नाथ शर्मा सहित एएसआई पीएन वैश, वीरेन्द्र पटेल, प्रआ जितेन्द्र दुबे, करूणाशंकर यादव, सुनील मौर्य, सुशील तोमर, आरक्षक पवन कटारे, अरूण शर्मा, अशोक, आरक्षक चालक आशिक अली शामिल है।



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की नईसराय थाने की पुलिस ने रूसल्ला बुजुर्ग निवासी सतेन्द्र जाटव के पास से 12 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुगावली पुलिस ने ग्रामी ढूडेर निवासी भीम सिंह यादव के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुगावली पुलिस ने ही रघुवीर लोधी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने सतउखेडी निवासी विजय कुशवाह के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पलकाटोरी निवासी मनोज केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी मोनू शर्मा और सूरज बैरागी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से सूरज बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अषोक केवट मनोज केवट ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडागाव निवासी रविन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी देवेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नीलीघुरक निवासी सुरेष नायक ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी षिवराज ,नरेष और श्रीरिया नायक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे सडक दुघर्टनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के सहराई थाने के अंतर्गत सुखलाल गुर्जर के खेत के पास अज्ञात बाइक चालक ने एक बाइक मे अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे टी वीएस रेडऑन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से भी अज्ञात मोटर सायकिल चालक को एक बाइक चालक ने अचलगढ रोड पर सेवक सरदार के खेत के पास उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### टैक्टर ने बाइक में टक्कर मारी, तीन घायल

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम तूमैन निवासी सुनील पुत्र प्राण सिंह अहिरवार 36 वर्ष सहित फूलबाई पति सुनील 32 वर्ष , साढू भाई प्रकाश पुत्र घासीराम उम्र 38 निवासी सिकंदरा को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा उपचार करा रहे घायल सुनील ने बताया कि वह बाइक से बाजार आए हुए थे और सामान लेकर अपने गाव तूमैन वापिस जा रहे थे। तभी नदी के इस पार एक टैक्टर चालक ने बाइक मे टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो का उपचार जिला अस्पताल मे किया जा रहा है।

### चुनाव प्रचार अभियान समिति के बीच कार्य विभाजन

**अशोकनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशों पर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा चुनाव प्रचार अभियान समिति के बीच शनिवार को कार्य विभाजन कर दिया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोक नगर शहर मंडल में ओमप्रकाश चैधरी, सुभाष जैन, धर्मेंद्र चैधरी, गजराम सिंह यादव, मलकीत सिंह संधू,ग्रामीण मंडल में धर्मेंद्र चैधरी, गजराम सिंह यादव, लड्डू राम कोरी, मलकीत सिंह, नारायण प्रसाद शर्मा, शाढ़ौरा मंडल में जजपाल सिंह , धर्मेंद्र रघुवंशी, कचनार में नारायण प्रसाद शर्मा, लड्डू राम कोरी, राजपुर मंडल में लड्डू राम कोरी, मलकीत सिंह, नई सराय मंडल में उमेश रघुवंशी, हरि सिंह रघुवंशी, ढाकौनी में भानु रघुवंशी, नंदलाल यादव, ईसागढ़ में भूपेंद्र द्विवेदी, सरनाम सिंह यादव, चंदेरी नगर में जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, ग्रामीण राव राजकुमार सिंह यादव, थूवोन में रविंद्र लोधी सहराई में कन्हैराम आदि को दिया गया प्रभार।

## कहीं स्कूल की टेबल पर सोते मिले शिक्षक, तो कहीं अनुपस्थित होने पर भी लग रही उपस्थिति

# बच्चों का भविष्य खराब करने वाले शिक्षकों को संरक्षण दे रहे जिम्मेदार अधिकारी, 6वीं बार जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिक्षा विभाग के द्वारा एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरु कर दिया है। लेकिन इसका असर न तो शहरी क्षेत्र के सरकारी स्कूलो दिख रहा है और न ही ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलो पर पडा है। जब अधिकारियो ने स्कूलो का औचक निरीक्षण किया तो कही सरकारी शिक्षक स्कूल की टेवल पर बिस्तर कर सोते नजर आये तो कहीं सरकारी स्कूलो पर लटके मिले ताले, वही कुछ शिक्षक गैर हाजिर मिले है वही बदरवास जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाला शिक्षक उपस्थिति के रजिस्टर पर लाल लाइन खींचने के बाद भी उसके ऊपर हस्ताक्षर कर रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि यह शिक्षक तो तीन साल से स्कूल में ही नही आया है फिर इसे किस बात की सरकारी वेतन दी जा रही है। खास बात यह है कि सरकारी स्कूलो का अधिकारी कभी कभी निरीक्षण करते है वही खामियां मिलने पर छोटी मोटी कार्यवाही कर चलता करते है जिससे जिले के अन्य शिक्षक भी इसी तरह लापरवाही बर्तथे है। अगर इन शिक्षकों पर कडी कार्यवाही की जाए तो बांकी शिक्षक भी स्कूलो में उपस्थित होकर बच्चे के भविष्य को सुधारेगे।



### शिक्षक के अनुपस्थित होने पर कैसे लगती है उपस्थिति, 6 बार बनाई जांच टीम

बदरवास जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलो का बदरवास के बीईओ अजय कुमार रोहित ने औचक निरीक्षण किया, जिसमे एक शिक्षक ने तो विद्यालय से अनुपस्थित रहने के बाद उपस्थिति के रजिस्टर पर लाल रंग की पेन से लाइन खीच दी लेकिन शिक्षक ने इसके बाद भी अधिकारी की कार्यवाही से बचने के लिए उसके ऊपर से हस्ताक्षर कर दिये है। ग्रामीणो ने बताया कि शिक्षक की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज है यह शिक्षक तीन वर्ष से स्कूल में नहीं आया है तो विभाग इसको वेतन किस आधार पर दे रहा है। खास बात यह है कि उक्त शिक्षक की जांच करने के लिए विभाग ने 6 वी बार जांच टीम बनाई है। विवादो में रहने वाले शिक्षक विजय राज चंदेल विगत 8 वर्ष से बदरवास जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले सिद्धपुर प्राथमिक विद्यालय पर पदस्थ है, लेकिन वे इस विद्यालय पर नहीं आते हैं। ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं। शिकायतों के आधार पर कभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बदरवास तो कभी जनशिक्षा केंद्र अधिकारी बदरवास तो कभी जिला शिक्षा अधिकारी या फिर डीपीसी के द्वारा जांच टीम बना दी जाती है। अभी तक यह छठवीं बार जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर के निर्देश पर शिक्षक की जांच के लिए टीम बनी है। सिद्धपुर स्कूल में पदस्थ शिक्षक विजय राज चंदेल विद्यालय पर यदा-कदा ही आते हैं। यहां प्रधानाध्यापक रामेश्वर द्वारा शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर लाल पेन से लाइन खींच दी जाती है। इसके बावजूद भी उक्त शिक्षक आकर हस्ताक्षर कर देता है अपनी वेतन भी हर माह निकलवा लेता है।

### यहां स्कूल में सोते मिले शिक्षक



पोहरी विकासखंड के बीईओ अवधेश तोमर ने दोपहर 12 बजे प्राथमिक विद्यालय ककरई का निरीक्षण किया तो यहां पदस्थ तीन शिक्षकों में से दो शिक्षक जितेंद्र दिवाकर और नीलम सिंह तो मौजूद मिली लेकिन दीपिका गुप्ता नदारद थीं। वहीं प्रावि नदौरा दोपहर 12:20 बजे बंद मिला। यहां शिक्षक महेंद्र धाकड़ व मुकेश पटेल पदस्थ हैं। दोपहर 12:30 बजे बीईओ प्रावि देवरीकलां पहुंचे तो यह स्कूल संचालित मिला और यहां पदस्थ दोनों शिक्षक कपिल श्रीवास्तव व सरोज धाकड़ मौजूद थे। इसके बाद 12:50 बजे प्रावि लोहपीटा मोहल्ला भटनावर बंद मिला, यहां पदस्थ शिक्षक गिरिराज सोनी गैरहाजिर थे। इसी तरह प्रावि धामौरा पर दोपहर एक बजे ताले झूल रहे थे। निरीक्षण के दौरान ऐनपुरा स्कूल में शिक्षक सोते मिले जो की गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

### करेंगे कार्रवाई



शिक्षक अजय राज चंदेल की अनुपस्थिति श्रेणी के मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच आने के बाद नियम अनुसार जो भी कार्यवाही संभव होगी की जाएगी। सोते हुए मिलने वाले शिक्षक का बीईओ ने जांच प्रतिवेदन भेज दिया है अभी दो दिन की छुटटी थी इस लिए मिल नहीं पाया है उसमें भी नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**समर सिंह राठौर** डीईओ शिवपुरी

### कई शिक्षक कार्रवाई से बचने के लिए विभाग को देते हैं दक्षिणा

जिले के सरकारी स्कूलो में पदस्थ कई शिक्षक ऐसे है जो सालो से एक ही स्कूल में जमे बैठे है जिनका सालो से टस्फर नही किया गया है जो स्कूल में अपनी मनमानी का काम करते है कई शिक्षक तो ऐसे है जिन्होने महिने के 15 दिनो के लिए प्राइवेट शिक्षक लगा रखे है जो कि अपनी मर्जी के मुताबिक बच्चे को पडाते है वही सरकारी शिक्षक महिने में 15 दिन ही स्कूल जाते है ऐसे लापरवाह शिक्षको का न तो किसी दूसरी जगह टस्फर होता है और न ही इनके खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही की जाती है। ग्रामीणो का यह तक भी कहना है कि यह शिक्षक विभाग के अधिकारियो से मिले रहते है जो की हर माह विभाग के अधिकारियो की जेब गरम करते है जिससे अधिकारी इन पर कार्यवाही नहीं करते है कभी काई चैक करने के लिए आता भी है उस दिन विभाग की तरफ से सूचना भी इने मिल जाती है। विभाग लापरवाह शिक्षको पर भी चोटी मोटी कार्यवाही करता है।

## जिला जेल अशोकनगर में हुआ विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




**अशोकनगर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एव अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश एव सचिव रश्मि मिश्रा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल अशोकनगर में जिला चिकित्सालय के समन्वय से एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जेल अधीक्षक एस.ए. सिद्दिकी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्ता रफीक खान की उपस्थिति में किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय से डॉ. बी.एल. टैगोर नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. आर.के. राहुल एम.डी., डॉ. कल्पेश मानसिक रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिलीप धाकड़, जेल चिकित्सक, पुष्पराज सिंह फार्मासिस्ट, दिलीप सोनी लैब टेकनेशियन आदि स्टाफ सहित उपस्थित रहें। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ द्वारा निरूद्व बंदियों के ऑख, कान, गले, शुगर, ब्लड प्रेशर, लीवर, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई साथ ही जनरल मेडिसिन दी गई। इसके अतिरिक्त एचआईवी, हेपेटाइटिस बी व सी एवं टीबी आदि की जांच की गई। उक्त शिविर में 90 निरूद्व बंदियों की जांचें की गईं एवं निःशुल्क दवाई वितरित की गईं।

# अस्पताल में युवक की मौत, मुंहबोली बहन के मिले आपत्तिजनक फोटो, पिता बोले- जहर देकर मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी के जिला अस्पताल में बीते रोज खनियाधाना के युवक की संदिग्ध मौत हो गई थी। युवक दो दिन से घर से लापता था। युवक अपने साढू के यहां घर से निकला था लेकिन वहां नहीं पहुंचा,वह एक मुंहबोली बहन के घर पहुंच गया था। युवक की तबीयत खराब होने पर बहन ने ही उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई, पिता ने बेटे की मौत पर मुंहबोली बहन पर संदेह किया था, पिता ने मुंहबोली बहन को पहचानने से इनकार कर दिया, खास बात यह है कि मृतक युकव के फोन में उसकी मूंहबोली बहन के आपतिजनक फोटो मिले है। मृतक के पिता ने मीडिया से बातचीत करते हुए महिला के अश्लील फोटो वायरल कर दिए। मृतक के



पिता पिता बद्री प्रसाद सेन ने बताया कि मुंह बोली बहन के बेटे के मोबाइल में आपत्तिजनक फोटो भी मिले हैं इसलिए उसे संदेह है कि महिला ने उसे जहर खिलाकर मौत के घाट उतारा है। आपत्तिजनक फोटो मिलने से प्रतीत होता है कि एक तरफ वह उसे मुंह बोला भाई बता रही है और दूसरी और बेटे के मोबाइल में अश्लील फोटो मिलना एक संदेह वाली बात है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार खनियाधाना कस्बे का रहने वाला 40 वर्षीय धर्मेंद्र सेन दो दिन पहले अपने घर से ममरौनी के रहने वाले साढू के यहां जवारे के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कह कर निकला था। लेकिन वह ममरौनी गांव नहीं पहुंचा। इधर सिरसौद थाना क्षेत्र के बागोदा गांव की रहने वाली गीता जाटव ने बताया कि वह धर्मेंद्र सेन की रिश्ते में मुंहबोली बहन लगती है। धर्मेंद्र उसके घर आया हुआ था। वे दोनों गुरूवार की शाम गांव में आयोजित शादी समारोह में खाना खाने गए हुए थे। इसके बाद धर्मेंद्र की तबियत बिगड़ने लगी थी। गुरुवार की देर शाम धर्मेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रात में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुना लोकसभा क्षेत्र 04 हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कन्ना बाबू द्वारा शनिवार को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर आये इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस अशोकनगर में कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी,पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन,एसडीएम अशोकनगर अनिल बनवारिया के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक लेकर चुनाव गतिविधियों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के पश्चात सामान्य प्रेक्षक कन्ना बाबू क्रिटिकल मतदान केन्द्र क्रमांक 92-93 आर्दश बाल विकास मंदिर अशोकनगर,65 बरखेडी तथा 31-32 शाढौरा मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 187 भादोन तथा 179 बरखेडा जागीर पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल,विद्युत एवं सुविधा घर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर लायजनिंग अधिकारी शैलेंद्र सिंह चैहान रजिस्ट्रार साथ थे।

## दिनारा की पुरानी मीट मार्केट में लगी आग



**शिवपुरी।** जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में डाकबंगला के आग लगने का मालला सामने आया है जिसमे समय रहते फायर बिग्रेड की गाडी की मदद से आग पर काबू पा लिया जिससे बांकी की दुकानो में आग लगने से बच गई, बताया जा रहा है कि मंडी की एक दुकान के छप्पर में अज्ञात कारणो के चलते आग भडग गई थी।

जानकारी के मुताबिक दिनारा के डांकबंगला के पास पुराने मीट मार्केट को कुछ माह पहले ही प्रशासन ने खाली करवा लिया था। लेकिन कुछ बंद पड़ी स्टॉल अब भी वहीं रखी हुई थी। इनमें से एक दुकान में अज्ञात कारणों के चलते शनिवार की रात आग भड़क गई थी। आग ने दुकान के बाहर छाया के लिए लगाए गए छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया था। आग की लप्टे को कुछ लोगों ने देख लिया था और इसकी सूचना तत्काल फायरबिग्रेड को दे दी गई थी, जिससे समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। बताया गया है कि आगजनी की इस घटना में विजलाल खटीक और विनोद खटीक को नुकसान हुआ है।

## कोतवाली पुलिस ने 315 बोर के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

# पिछोर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 34 पेटी अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्दशो के बाद जिले की पुलिस नाके ने कई जगह चैकिग प्वाई बनाये है जहां रात दिन चैकिग की जा रही है जिससे बडी मात्रा में अवैध शराब व स्मैक बराबर हो रही है। चैकिग के दौरान पिछौर पुलिस ने 34 पेटी अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वही कोतवाली पुलिस और पोहरी पुलिस ने भी कार्यवाही की है।

पिछोर पुलिस ने दिनांक 20.04.2024 को एस.एस. टी 04 ग्राम बल्देवपुर हिनोतिया चैकपोस्ट पर वाहन चैकिंग के दौरान मोटर साइकिल 4286 लाल रंग की पेशन प्रो. को चैक किया गया तो आरोपी हल्के उर्फ सेंदपाल सिंह चौहान के कब्जे से प्लेन देशी शराब की 08 पेटी जप्त कि गई इसके बाद आरोपी से पूछताछ कर आरोपी के घर पुलिस पहुंची तो आरोपी के घर से 26 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 34 पेटी देशी प्लेन शराब कीमती 136000/- रूपये एंव अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल 4286 लाल रंग की पेशन प्रो. कीमती 50000/- रूपये को जप्त की गई। थाना पिछोर पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 213/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पिछोर पेश किय जा रहा है।






### इनका कहना है

चैकिग के दौरान एक आरोपी के कब्जे से शुरु आत में 8 पेटी शराब की जप्त की गई थी इसके बाद उसके घर से 26 पेटी और जब्त की गई है, पहले से मामले दर्ज है इसके बारे में जानकारी नहीं है।

**रत्नेश सिंह यादव** पिछोर थाना प्रभारी

### पुलिस थाना पोहरी ने स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

पोहरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.04.24 को जेएमएफसी पोहरी जिला शिवपुरी के प्र.क्र.409/19 व अप क्र 268/19 धारा 25(2)आर्म्स एक्ट मे फरार स्थाई वारंटी रहीस आदिवासी पुत्र प्रेम आदिवासी उम्र 30 साल निवासी बडा मोहल्ला सेसईपुरा थाना सेसईपुरा जिला श्योपुर को गिरफ्तार किया। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पोहरी निरी रविशंकर कौशल, उनि चेतन शर्मा ,प्रआर.630 राजीव छारी आर. 334 राघवेन्द्र, आर. 1048 कुलदीप, आर.1075 सूरज टैगोर ,आर.चा. 549 राजकुमार राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही

### कोतवाली पुलिस ने 315 बोर व देशी कट्टा और राउंड के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस को दिनांक 20.04.24 को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति बालाजी धाम मंदिर के पास कोई अप्रिय घटना करने की नियत से काफी समय से ओरा कार लिये खडा है सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी कोतवाली टीआई रोहित दुबे द्वारा सूचना पर तुरंत एक्शन लेते हुये सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और पुलिस टीम के साथ मुखविर के द्धारा बताये हुए स्थान पर पहुंचे तो तो वहाँ एक सफेद रंग की ओरा कार खडी थी उक्त कार में एक व्यक्ति बैठा हुआ था कार एवं व्यक्ति की तलाश लेने पर व्यक्ति के पास से एक 315 बोर का कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड बरामद किया, पुलिस ने आरोपी से बरामद हथियार के संबंध में लायसेन्स चाहा गया तो नही होना बताया वही पुलिस ने ओरा कार व देशी कट्टा और राउण्ड को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जप्त कट्टा, राउण्ड व ओरा कार की कुल कीमत 905000रु. है उक्त आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना कोतवाली में आयुध अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीवद्ध किया गया।

### धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान महावीर जयंती

**मुंगावली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम नगर में महावीर जयंती मनाई जाएगी इस अवसर पर नगर चल समारोह निकाला जाएगा। इस मौके पर कई कार्यक्रम भी आयोजित होगें। यह चल समारोह सुबह 8 बजे पुराना बाजार से शुरू होगा जो नगर के प्रमुख मार्गो नया बाजार, पोस्ट ऑफिस चैराहा, बस स्टैंड, पुराने पुलिस थाना, टॉकीज चैराहा, इमली चोरहा, श्री चन्द्र प्रभु जिनालय, तालाब रोड, मल्हारगढ़ रोड, होता हुआ बापिस पुराना बाजार पहुचगा जहाँ इस चल समारोह का समापन किया जाएगा वही महावीर जयंती के शुभ अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में सुबह से श्रादलुओ द्वारा भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, ओर पूजन की जाएगी इसके लिए जैन समाज द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है वही इस चल समारोह में दिगंबर जैन महिला महासमिति, महिला परिषद, विद्यांशी का बालिका मंडल, पाठशाला, जैन सोशल ग्रुप अरिहंत, नगर जैन मिलन, आदिनाथ बाल मंडल, बाहुबली मंडल, आनंद सेना एवं नगर में संचालित अन्य सभी समितियां अपने-अपने ड्रेस कोड में शामिल रहेंगी।